# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर के दौरे पर हैं। इस दौरान श्री योगी बिठूर महोत्सव 2025 में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत 1302 उद्यमियों को ऋण वितरण का चेक, नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का चेक वितरित किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार आस्था के साथ साथ विकास के लिए कार्य कर रही है। प्रत्येक व्यक्ति को महापुरूषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान करना चाहिए। कोई भी आक्रांता हमारा आदर्श नहीं हो सकता है।

***नये भारत के बारे में प्रधानमंत्री मोदी जी के अभियान को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में हम अपना योगदान दें। इस विश्वास के साथ सरकार अपने महापुरूषों का सम्मान करने, उनके गौरव को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए कृतज्ञयता के साथ कार्य कर रही है।***

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने कानपुर नगर स्थित मेट्रो स्टेशन चुन्नीगंज और कानपुर नगर में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री सरसैया घाट पर आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए। श्री योगी ने कहा कि कानपुर मंडल के सभी जनपदों की सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्वास कार्य में तेजी लाई जाए।

**********

प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन भी अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाएगा। 25, 26 और 27 मार्च को होने वाले आयोजनों में मिशन का भव्य स्टॉल लगाया जाएगा, जहां बीते 8 वर्षों में हासिल की गई सफलताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। योगी सरकार ने कौशल विकास मिशन के माध्यम से वर्ष 2017–18 से अब तक 14 लाख, 13 हजार 716 युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया, जिससे वे रोजगार योग्य बन सके। इनमें से 5 लाख, 66 हजार 483 युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा, 40 बड़े रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 77 हजार 55 युवाओं को नौकरी मिली।

**********

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया आज लखनऊ में गोमती नगर स्थित मरीन ड्राइव पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर श्री मांडविया ने कहा कि यह अभियान तेजी से पूरे देश में आगे बढ़ रहा है।

**आज संडे है फिट इंडिया मोमेंट में हर विक संडे आन साइकिल समग्र देश में एक मोमेट के रुप मे चल पडा है। देश के युवा देश के बुजुग्र देश के सब लोग संडे एक घंटे के लिए अपने स्वयं को फिट रखने के लिए साइकिलिंग करते है। साइकिल पॉल्यूशन का साल्यूशन भी है। साइकिल फिट रहने का मंत्र भी है।मैं देश के सभी नागरिक को आहवाहन करता हूॅ की हर संडे एक घंटे के लिए साइकिलिंग करे और अपने स्वयं को फिट रखें।**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए केंद्र सरकार के आंदोलनों में भी अहम रूप से शामिल है।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सी.यू.ई.टी. के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट सीयूईटी डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर 26 से 28 मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में सुधार कर सकते हैं। देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर 15 शहरों में कंप्यूटर आधारित सीयूईटी परीक्षा 08 मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।

**********

कृतज्ञ राष्ट्र देश के तीन महान स्वतंत्रता सेनानी – शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन वर्ष 1931 में लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। इन तीनों क्रांतिकारियों को 17 दिसंबर, 1928 को एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सैंडर्स को गोली मारने के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से श्री योगी ने कहा है कि तीनों अमर बलिदानियों ने अपने अदम्य साहस और क्रांतिकारी विचारों से स्वाधीनता आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की। इसी क्रम में जौनपुर में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********

महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे ने आज प्रदेश के मिर्जापुर स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन पूजन किया। नागपुर हिंसा पर पत्रकारों से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पूरे मामले को मुख्यमंत्री और गृहमंत्रालय देख रहे है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

**********